तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 17.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, रविवार 2 मार्च 2025

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

13 आस्था निकुंज एवं शिवानंद आश्रम में बच्चों को बांटे गए फल और मिठाइयां


14 बटालियन ने दिए ग्रामीणों को दैनिक उपयोगी सामान


**शपथ : राज्य सरकार जगदलपुर की तरक्की के लिए हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी : साव**

# सनातनी परंपरा के साथ महापौर व पार्षदों का शंख ध्वनि और मंत्रोच्चार के बीच शपथग्रहण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

नवनिर्वाचित महापौर संजय पांडे एवं भाजपा पार्षदो का शपथ ग्रहण समारोह सनातनी परम्परा व शंख ध्वनि एवं आचार्य पंडितों के वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य हुआ।

- मां दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण में कलेक्टर हरिस एस ने शपथ दिलाई
- डिप्टी सीएम, प्रदेश अध्यक्ष तथा वनमंत्री समेत अनेक लोग रहे मौजूद

मां दन्तेश्वरी मंदिर प्रांगण में कलेक्टर हरिस एस ने शपथ दिलाई। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने सभी नव-निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को बधाई देते हुए विश्वास जताया कि नवनिर्वाचित महापौर और पार्षदगण अटल विश्वास पत्र में किए गए वादे को पूरा कर जगदलपुर शहर को स्वच्छ, सुन्दर एवं सुविधापूर्ण बनाने की दिशा में दृढ़ संकल्प के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार जगदलपुर शहर की तरक्की के लिए हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी। वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा बीते 15 महीने में प्रदेश के नगरीय निकायों में 7500 करोड़ रुपये से अधिक राशि से विकास कार्य किया गया है।

वहीं जगदलपुर शहर के लिए 82 करोड़ रुपए से अधिक लागत से आधारभूत संरचना विकसित किया जा रहा है। आगामी दिनों में जगदलपुर के 50 वर्षों की जरूरत को ध्यान रखकर शहर के समग्र विकास की दिशा में हम सभी मिलकर पहल करेंगे। इस दौरान सांसद महेश कश्यप और विधायक किरण देव ने भी सम्बोधित करते हुए जगदलपुर शहर के सर्वांगीण विकास के लिए हरसम्भव पहल करने का संकल्प व्यक्त किया।

शपथ ग्रहण उपरांत महापौर संजय पांडे ने उप मुख्यमंत्री अरूण साव एवं अन्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। जबकि भाजपा जिलाध्यक्ष पूर्व जिलाध्यक्ष रूपसिंग मंडावी, नगर अध्यक्ष प्रकाश झा,शशिनाथ पाठक,पूर्व महापौर व अन्य पदाधिकारियो ने अतिथियों का





गजमाला से स्वागत किया। समारोह के अंत में महापौर संजय पांडे ने सभी अतिथियों, जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों का आभार व्यक्त किया।

इस दौरान विधायक विनायक गोयल, नीलकंठ टेकाम, चैतराम अटामी, जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, पूर्व सांसद दिनेश कश्यप, वरिष्ठ भाजपाई शरद अवस्थी,भाजपा जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश पांडे, पूर्व महापौर सफिरा साहू,श्रीनिवास राव मद्दी,बस्तर राज परिवार से महाराजा कमलचंद भजंदेव,विद्याशरण तिवारी समेत बड़ी संख्या में शहरवासी, विभिन्न समाज और संगठन के प्रमुख, कमिश्नर डोमन सिंह, पुलिस महानिरीक्षक सुन्दराज पी, कलेक्टर हरिश एस, एसपी शलभ सिन्हा, नगर निगम आयुक्त निर्भय साहू व भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### तीन अलग-अलग मंच बने थे

शपथग्रहण समारोह को भव्यता देने मां दंतेश्वरी मंदिर के ठीक सामने एक मुख्य मंच के अलावा दांई ओर पार्षदों के लिए जबकि बाई ओर पंडितों व समाज, संगठनों के प्रतिनिधियों के लिए बना था। शपथग्रहण के दौरान माता दंतेश्वरी, जय श्री राम और हर हर महादेव के जयकारे गूंजते रहे।

### महापौर ने ली हिंदी में शपथ, लिया विकास का संकल्प

महापौर संजय पाण्डेय ने हिन्दी में शपथ लेकर शहर को साफ-सुथरा और पूरे प्रदेश में हर मापदण्ड में आगे ले जाने के अपने वादे को पूरा करने की बात कही। उन्होंने कहा कि जिस उम्मीद के साथ शहरवासियों ने मुझे यह बागडौर सौंपकर महापौर चुना है उसके लिए मैं उनके मंशा पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा। हर दृष्टिकोण से हर व्यक्ति को शासन की योजनाओं का लाभ उनकी जरुरतों के हिसाब से मिले यह मेरा प्रयास रहेगा। गरीब का उत्थान मेरा प्रथम प्राथमिकता रहेगी। कोई भी अपनी समस्या लेकर आ सकता है और उसे उसका हक और न्याय दिलाने के लिए हम प्रतिबद्ध रहेंगे।



### कांग्रेसी पार्षदों ने बनाई दूरी

शपथग्रहण समारोह में कांग्रेसी पार्षदो ने दूरी बनाई। इस पर प्रदेशाध्यक्ष व विधायक किरण सिंहदेव ने कहा शपथग्रहण समारोह संवैधानिक व्यवस्था है। इसमें कांग्रेसी पार्षद भी आमंत्रित थे। उनके लिए भी कुर्सी लगाई गई थी। शपथ ग्रहण में नही आना अनुचित है।

### पहले देवी दर्शन फिर मंच पर आसीन

शपथ ग्रहण समारोह में सम्मलित होने पहुंचे उप मुख्यमंत्री, वनमंत्री, प्रदेशाध्यक्ष व विधायक, सांसद, विधायकगण सबसे पहले माता दंतेश्वरी के दर्शन व पूजा पश्चात मंच पर आसीन हुए। अतिथियो के मंच में आते ही आचार्य व पंडितो के वैदिक मंत्रोच्चार समूचे कार्यक्रम स्थल में शंख की ध्वनि के साथ गुंजायमान होता रहा। पहली बार शपथग्रहण समारोह को सनातनी परम्परा के साथ होने से लोगो मे चर्चा का विषय था, वहीं भारी उत्साह भी दिखाई पड़ा।

### पत्नी के साथ घर से बुलेट पर निकले महापौर

महापौर संजय पाण्डेय सनातनी रंग में रंगे हुए थे। माथे में चंदन तिलक के साथ उनका परिधान पूरी तरह से सनातनी रहा। धोती, कुर्ता पहनकर वे बुलेट से पत्नी रेखा पाण्डेय के साथ दंतेश्वरी मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की और समारोह स्थल पर आकर पंडित, आचार्य, शिक्षक, गणमान्य नागरिकों को तिलक लगाया। घर से निकलने से पूर्व उन्होंने माता-पिता की तस्वीर को नमन किया और शहर को विकसित बनाने के लिए आर्शीवाद लेकर संबल प्रदान करने की प्रार्थना की।

## खबर संक्षेप

### जनपदों में 6 और पंचायतों का प्रथम सम्मिलन 11 को

**जगदलपुर।** जिले के जनपद पंचायत दरभा, बास्तानार एवं लोहण्डीगुडा के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का निर्वाचन सम्मिलन 6 मार्च को एवं निर्वाचन उपरान्त इन जनपद पंचायतों के प्रथम सम्मिलन (विशेष) 11 मार्च को आयोजित किया जाएगा।

### राम नवमी की तैयारी पर बैठक होगी आज

**जगदलपुर।** शहर के सीताराम शिवालय मंदिर में रविवार शाम 4 बजे आवश्यक बैठक रखी गई है, जिसमें राम नवमी की तैयारी पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। बताया गया कि राम नवमी एवं हिन्दू नववर्ष उत्सव के आयोजन के लिए नगर एवं बस्तर जिले के सनातनियों की टीम काम कर रही है। इसे किस तरह पूर्व वर्षों की तरह भव्य रूप से मनाना है यह बैठक में सबके विचार सुनने के बाद तय की जाएगी।

### ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा देगा, काजू प्लांटेशन में स्टार्टअप



**जगदलपुर।** स्टार्टअप और नवाचार के माध्यम से कृषि और खाद्य प्रसंस्करणों में सुधार के तरीके जानने के लिए शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के भूगोल अध्ययनशाला के विद्यार्थियों ने शुक्रवार को कुड़कानार में फार्म हाऊस का भ्रमण किया। आईआईसी के क्वार्टर 3 के अंतर्गत आयोजित इस भ्रमण में एमए और बीए प्रथम के स्टूडेंट्स शामिल हुए। इस मौके पर प्रोफेसर वीके श्रीवास्तव ने काजू उत्पादन की विस्तृत व्यवहारिक जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि काजू प्लांटेशन में इनोवेशन एवं स्टार्टअप की नई दिशा खुल रही है। इस क्षेत्र में किसानों के लिए नवाचार और उद्यमिता के कई अवसर हैं। काजू से किसान अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं। इनोवेशन ▶▶ शेष पेज 12 पर

# एनएमडीसी को यूरोपियन सीई प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर/नगरनार

एनएमडीसी स्टील लिमिटेड (एनएसएल) को यूरोपीय संघ अधिसूचित प्रमाणन निकाय टीयूवी नोर्ड द्वारा निर्माण उत्पाद विनियमन (सीपीआर) श्रेणी के तहत अपने उत्पाद के लिए प्रतिष्ठित कॉन्फॉर्मिटी यूरोपियन (स) प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। सीई प्रमाण पत्र प्रमाणित करता है कि एनएसएल का उत्पाद गुणवत्ता के यूरोपीय मानकों के अनुरूप है।

एनएसएल स्टील प्लांट नगरनार के कार्यकारी निदेशक और प्रमुख एमएनवीएस प्रभाकर ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा यह उल्लेखनीय उपलब्धि, गुणवत्ता, सुरक्षा और स्थिरता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह उपलब्धि सभी संबंधित टीमों के अथक प्रयासों, समर्पण और सहयोग के बिना संभव नहीं थी। यूरोपीय देशों में अपने उत्पाद का निर्यात करने में सक्षम होने के लिए किसी भी स्टील उत्पादक को सीई प्रमाणन अनिवार्य है। इसी तरह, यह प्रमाणन यूरोप को निर्यात के लिए स्टील उत्पादों का निर्माण करने वाले ओरिजिनल इक्विपमेंट मनुफैक्टरर्स ओईएम (मूल उपकरण निर्माताओं) के आपूर्तिकर्ताओं को एनएसएल से स्टील प्राप्त करने में सक्षम करेगा, जिससे एनएसएल को अपने घरेलू ग्राहक आधार का और विस्तार करने में मदद मिलेगी। टीयूवी नोर्ड के साथ समन्वय करने और अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारी एक साथ आए। क्वालिटी, प्रोडक्शन प्लानिंग एंड प्लांट कण्ट्रोल, स्टील मेल्टिंग शॉप, थिन स्लैब कास्टर, हॉट स्ट्रिप मिल, सेल्स और डिस्पैच विभागों के सदस्यों ने इस उपलब्धि को संभव बनाने के लिए राजन कुमार, महाप्रबंधक (खनिज प्रसंस्करण) के नेतृत्व में काम किया। सीई समन्वय टीम एमएनवीएस प्रभाकर, कार्यकारी निदेशक और प्रमुख, एन एस एल स्टील प्लांट, नगरनार को सीई प्रमाणपत्र प्रदान करती हुई। तस्वीर में 3 मुख्य महाप्रबंधक, बीआरके शेट्टी, एन शशिधर और अशोक मिश्रा सम्मलित थे।



# जिपं सदस्यों को सीईओ ने दिए जीत के प्रमाण पत्र

**सुकमा।** जिला पंचायत सीईओ एवं रिटर्निंग ऑफिसर नम्रता जैन ने सुकमा जिले के नव निर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों को जिला पंचायत में निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया । उन्होंने निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 9-मिसमा से लीना ओयाम, क्षेत्र क्रमांक 10-मनीकोंटा से सोयम भीमा, क्षेत्र क्रमांक 11-ढोंढरा से मंगम्मा सोयम और क्षेत्र क्रमांक 3-कुकानार से महेश कुमार कुंजाम को जिला पंचायत सदस्य निर्वाचित होने पर विधिवत निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया।

# वेद ज्ञान पीठ के बच्चों ने देखा एयरपोर्ट



**जगदलपुर।** वेद ज्ञान पीठ तोंगपाल के बच्चे शैक्षणिक भ्रमण के लिए मां दंतेश्वरी हवाई अड्डा पहुंचे। एयरपोर्ट के इंचार्ज श्रीवास्तव सहित स्टॉफ ने नन्हे बच्चों तथा शिक्षकगणों की जिज्ञासा को शांत करते हुए भरपूर सहयोग किया। बच्चों को हवाई यात्रा के बारे में आवश्यक जानकारी तथा यात्रा के समय प्रतिबंधित सामग्रियों के बारे में विस्तार से समझाया। विद्यालय के प्रधान अध्यापक वेद प्रकाश शुक्ला ने एयरपोर्ट स्टॉफ का आभार माना। उन्होंने बच्चों को अच्छी जानकारी देकर अपने माता पिता को भी हवाई यात्रा का आनन्द प्रदान कराने प्रेरित किया। एयरपोर्ट भ्रमण के पश्चात बच्चे जगदलपुर के बड़े होटल में लंच किया। इस शैक्षणिक भ्रमण में 25 बच्चों के साथ माधुरी शुक्ला, वेदान्त शुक्ला, निवेदिता शुक्ला, सुलेखा चौहान, धनी राम नाम प्रमिला नाग, यशोदा नाग, लक्ष्मी नाथ नाग साथ रहे।

# पीसीसी अध्यक्ष की जासूसी, कांग्रेस ने फूंका ईडी का पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

- राजीव भवन के सामने प्रदर्शन कर प्रदेश सरकार के विरोध में लगाए नारे

बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर के तत्वाधान में प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज की जासूसी और उनके निवास की रेकी व ईडी का दुरुपयोग कर कांग्रेस पदाधिकारियो को परेशान करने के विरोध में



शनिवार को राजीव भवन के समक्ष केंद्र सरकार व ईडी का पुतला दहन किया। केन्द्र और राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई। इस दौरान शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य, पूर्व विधायक रेखचंद जैन, हनुमान द्विवेदी, अंगद त्रिपाठी,एम वेंकट राव,रविशंकर तिवारी, हरिसिंह,कविता साहू, महिला कांग्रेस अध्यक्ष लता निषाद,महामंत्री जाहिद हुसैन,असीम सुता,हेमू उपाध्याय,कौशल नागवंशी, सुषमा सुता,एस नीला,पापिया गाइन,पार्षद राजेश चौधरी, गौरनाथ नाग, सूर्योपानी,कैलाश नाग,कोमल सेना, सुशीला बघेल,राकेश मौर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे।

**पहली बार क्राईम मिटिंग में सरकारी वकीलों को भी किया गया शामिल**

# होली पर्व को लेकर पुलिस अलर्ट, हुड़दंगियों पर रहेगी पैनी नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

होली पर इस बार हुड़दगियों पर पुलिस नजर रखेगी इसके लिए शनिवार को एसपी दफ्तर में आयोजित बैठक में एसपी शलभ सिन्हा ने सभी राजपत्रित अधिकारी व थानेदारों को निर्देश देते हुए कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। पहली बार क्राईम मिटिंग में शासकीय अधिवक्ताओं को भी शामिल किया गया जिसका उद्देश्य अतिंम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाने आपसी सामंजस्य से काम करना है इसके लिए मिटिंग में चर्चा की गई।

बैठक में एसपी ने सभी थानेदारों को निर्देश देते हुए होली पर अलर्ट रहने कहा। उन्होंने थानेदारों व राजपत्रित अधिकारियों से लम्बित अपराधों के गुणवत्ता पूर्ण निकासी पर जोर दिया।

गौरतलब है कि बढ़ते अपराध व अपराधियो पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से जिले के सभी राजपत्रित अधिकारियों व थाना प्रभारी के



उपस्थिति में क्राइम मीटिंग आयोजित किया गया था इसमें पहली बार शासकीय अधिवक्ताओं को भी शिामल किया गया था। एसपी ने कहा कि मिटिंग का मुख्य उद्देश्य लंबित अपराध, शिकायत, मर्ग, गुम इंसान सीसीटीएनएस की जानकारी, किराएदारों की सूची, थाने में दर्ज मुसाफिर की सूची तथा पूर्व में ली गई क्राइम मीटिंग से अब तक अपराध,मर्ग, शिकायत, गुम इंसान, तथा निकाल किए गए मामलो की तुलनात्मक जानकारी इत्यादि की समीक्षा की गई।

बैठक में एसपी के अलावा एएसपी माहेश्वर नाग, सीएसपी, उदित पुष्कर, आकाश श्री श्रीमाल, प्रशिक्षु आईपीएस गगन कुमार के अलावा सभी एसडीपीओपी, सभी थाना के प्रभारी व अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

**जांच में त्रुटी के चलते अभियुक्तों की रिहाई पर चिंता जाहिर की :** एसपी ने मिटिंग में अभियुक्तों के खिलाफ अभियोग पत्र न्यायालय में दाखिल करने के दौरान विवेचना में की गई त्रुटियां जिससे अभियुक्त ▶▶ शेष पेज 12 पर

### सेंसेटिव जगहों पर पेट्रोलिंग व सामुदायिक पुलिसिंग पर जोर...

एसपी शलभ कुमार सिन्हा द्वारा गश्त के दौरान चेकिंग बढ़ाने, अपराध के हिसाब से चिन्हित सेंसिटिव जगहों पर लगातार पेट्रोलिंग करने, जरूरत पड़ने पर लोगों के साथ मीटिंग भी करने एवं सामुदायिक पुलिसिंग बढ़ाने, साइबर जागरुकता एवं यातायात जागरूकता पर ज्यादा से ज्यादा कार्य करने पर जोर दिया गया। यातायात माह के ध्यान में रखते हुए गांव गांव तक यातायात जागरूकता कार्यक्रम चलाने सड़क दुर्घटना कम करने के लिए अधिक से अधिक प्रयास करने जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियो को आवश्यक निर्देश दिया गया।

## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9149027841

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124

## खबर संक्षेप

### जिपं अध्यक्ष चयन के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त

**जगदलपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने जिला पंचायत के अध्यक्ष के चयन के लिए पूरे राज्य के जिलों की पर्यवेक्षकों की सूची जारी की है। जिनमें बस्तर संभाग के कांकेर के लिए यशवंत जैन, कोण्डागांव सतीश लाटिया, नारायणपुर भरत मटियारा, बस्तर रजनीश सिंह, दंतेवाड़ा श्रीनिवास राव मद्दी, सुकमा दिनेश कश्यप तथा बीजापुर के लिए गौतम गोलछा को पर्यवेक्षक बनाया गया है, जो जिला मुख्यालय पहुंच कर जिला पंचायत सदस्यों से रायशुमारी के बाद अध्यक्ष के नाम चयन करेंगे।

### नाटक से जंगल में आग नहीं लगाने का दिया संदेश



**कोण्डागांव।** वर्तमान में महुआ इकट्ठा करने की दृष्टि से पेड़ों के नीचे ग्रामीणों द्वारा लगाई जाने वाली आग अनियंत्रित होकर फैल जाती है। साथ ही साल बीज सीजन में साल बीज इकट्ठा कर उसे वन क्षेत्र में जलाये जाने के कारण, तेन्दूपत्ता संग्रहण के लिए बूटा कटाई के दौरान अच्छे पत्ते प्राप्त करने की – ष्टि से अज्ञानतावश जलाये जाने के कारण एवं बिड़ी–सिगरेट अथवा ज्वालनशील प्रदार्थ को मार्ग के किनारे फेंकने से वनों में आग लगने की घटनाएं बढ़ती है। अग्नि से हानि अग्नि से पुनरूत्पादन को क्षति पहुंचती है जहां एक ओर प्रा— तिक पुनरूत्पादन के लाखों पेड़ नष्ट हो जाते हैं, दूसरी ओर वृक्षों की काष्ठ की गुणवता भी प्रभावित होती है। अग्नि से छोटे–छोटे औषधि पौधे जल कर नष्ट हो जाते हैं एवं वन्य जीव भी प्रभावित होती है। नुक्कड़ नाचा के माध्यम से आम जनों के बीच प्रचार–प्रसार – वन मंडलाधिकारी केशकाल ने बताया कि अग्नि की रोकथाम विभागीय अमले, अग्नि सुरक्षा श्रमिक एवं संयुक्त वन प्रबंधन समिति के सदस्यों के द्वारा टीम गठित कर रोकथाम किया जाता है परिक्षेत्र स्तर पर अग्नि सुरक्षा के संबंध में शहरी, ग्रामीण क्षेत्र के प्रत्येक साप्ताहिक बाजार में नुक्कड़ नाचा के माध्यम से आम जनों के बीच प्रचार–प्रसार कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है एवं वनमंडल स्तर पर फॉयर कन्ट्रोल सेल का गठन किया गया है।

## पेज 11 के शेष

### ग्रामीण अर्थव्यवस्था...

और स्टार्टअप कार्य के रूप में इसके लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का निर्माण, काजू किसानों के लिए वित्तीय सेवाओं का प्रारंभ, उत्पादकता में वृद्धि, नए बाजारों का निर्माण और रोजगार के अवसर शुरू करने के प्रयास शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में इनोवेशन एवं स्टार्टअप में आवश्यक संसाधनों की कमी और काजू किसानों के लिए प्रशिक्षण का अभाव जैसी कई चुनौतियां भी हैं। कार्यक्रम संयोजक डॉ. सजीवन कुमार के निर्देशानुसार आयोजित इस भ्रमण कार्यक्रम में समन्वयक डॉ. राकेश कुमार खरवार, सह समन्वयक गौरी देवांगन व प्रेमजीत निराला सहित अन्य उपस्थित रहे।

### होली पर्व को लेकर...

कोर्ट से रिहा हो जाते है और अभियुक्तों को सजा नही मिल पाती है। इस विषय पर विवेचना में होने वाली कमियो पर शासकीय अधिवक्ताओ के माध्यम से विस्तार में सलाह मशविरा किया गया। इसके अलावा शहर के अपराधियों, बदमाशों, लिस्टेड गुंडा और नशे पर जीरो टॉलरेंस पर कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया।

---

### शासकीय गुंडाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विज्ञान दिवस समारोह का आयोजन

# कौन बनेगा विज्ञानपति स्पर्धा में अंजू अमूल्या जाहिद की टीम रही अव्वल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव।

शासकीय गुंडाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय के रसायन शास्त्र विभाग की केमिकल सोसायटी के तत्वावधान में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का भव्य आयोजन किया गया। यह दिवस प्रत्येक वर्ष 28 फरवरी को प्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉ. सी. वी. रमन द्वारा खोजे गए रमन प्रभाव को स्मरणीय बनाने और समाज में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने के उद्देश्य से मनाया जाता है।

- विज्ञान क्विज, भाषण प्रतियोगिता सहित हुए कई कार्यक्रम हुए

**विज्ञान सप्ताह के तहत व्याख्यान श्रृंखला आयोजित :** इस अवसर पर विज्ञान सप्ताह के अंतर्गत व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न महाविद्यालयों के प्राध्यापकों ने विज्ञान के विविध विषयों पर व्याख्यान प्रस्तुत किए। दुर्गेश कुमार देवांगन काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भौतिकी पर व्याख्यान। डॉ. सुमित श्रीवास्तव नारायणपुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रसायन विज्ञान पर व्याख्यान। भगवानदास चांडक भौतिकी विशेषज्ञ। सीमा बघेल फरसगांव महाविद्यालय, रसायन विज्ञान पर विशेष व्याख्यान। समापन समारोह में महाविद्यालय



के प्राचार्य डॉ. चेतन राम पटेल ने स्वागत उद्बोधन दिया।

वनस्पतिशास्त्र विभागाध्यक्ष शशिभूषण कन्नौजे ने विज्ञान दिवस के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला। रसायन शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. अलका शुक्ला ने वर्ष 2024 के प्रमुख वैज्ञानिक आविष्कारों की जानकारी साझा की। गृह विज्ञान विभागाध्यक्ष नेहा बंजारे ने विज्ञान के दैनिक जीवन में प्रभाव को रेखांकित किया, जबकि भूगोल विभागाध्यक्ष समलेश पोटाई ने भारत की भौगोलिक स्थिति और विज्ञान के प्रचार–प्रसार पर जोर दिया।

**विज्ञान के अनोखे प्रयोगों का प्रदर्शन :** कार्यक्रम के दौरान केमिकल सोसायटी के सदस्यों ने विज्ञान से जुड़े रोचक प्रयोगों का प्रदर्शन किया जिसमें– पेट्रोल से गुब्बारे फोड़ना, डिटर्जेंट से कपड़े की सफाई प्रक्रिया, एसिड–बेस टाइट्रेशन एल्कोहल से भीगे कागज को आग पकड़ते दिखाना आदि शामिल रहे। इसके अलावा, भूपेंद्र कोर्राम द्वारा प्रस्तुत विज्ञान पर डॉक्यूमेंट्री को भी सभी ने सराहा। केमिकल सोसायटी द्वारा विज्ञान–आधारित सेल्फी फ्रेम तैयार किया गया। जिसे सभी प्रतिभागियों ने खूब पसंद किया।

**रोचक प्रतियोगिताएं एवं विजेता :** कार्यक्रम के अंतर्गत विज्ञान–क्विज, भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग, साइंटिफिक मेंहदी प्रतियोगिता एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विज्ञान क्विज, कौन बनेगा विज्ञानपति प्रथम स्थान, अमूल्या सिंह, अंजू बोस, जाहिद खान, द्वितीय स्थान अगोनतिन सोरी, राजेश्वरी, रवीना, तृतीय स्थान नमिता, कांति, नोहर। भाषण प्रतियोगिता प्रथम स्थान चंचला हालदार, द्वितीय स्थान द्रोणा प्रसाद, तृतीय स्थान त्रिलोचन पटेल।

#### कार्यक्रम के विशेष अतिथि एवं आयोजक

कार्यक्रम का संचालन मानसी ठाकुर एवं उत्तम साहू ने किया जबकि क्विज प्रतियोगिता का रोचक संचालन यामिनी पाणिग्रही ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से किया। केमिकल सोसायटी के संरक्षक एवं रसायन शास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक नसीर अहमद ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन छात्र–छात्रओं में विज्ञान के प्रति रुचि और जागरूकता बढ़ाने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। निर्णायक मंडल में सहायक प्राध्यापक रूपा सोरी, डॉ. आकाश वासनीकर, लोचन सिंह वर्मा, शिल्पा दर्रो, हितेंद्र वर्मा एवं आशना राजपूत उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक पुरोहित कुमार सोरी, डॉ. देवाशीष हालदार, अर्जुन सिंह नेताम, क्रीडाधिकारी हुमन राम यदु सहित बड़ी संख्या में छात्र–छात्रएं उपस्थित रहे।

#### विज्ञान के प्रचार–प्रसार में महाविद्यालय की अग्रणी भूमिका

महाविद्यालय की केमिकल सोसायटी छात्रें में वैज्ञानिक सोच को विकसित करने और विज्ञान को जन–जन तक पहुँचाने के लिए हमेशा अग्रणी रही है। इस विज्ञान दिवस आयोजन को भी सभी ने खूब सराहा और भविष्य में इस तरह के और कार्यक्रमों की उम्मीद जताई।

---

## जिला कांग्रेस ने किया ईडी का पुतला दहन, केंद्र सरकार पर साधा निशाना



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर शुक्रवार को कोंडागांव जिला कांग्रेस कमेटी ने केंद्र सरकार और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार और ईडी पर भेदभावपूर्ण कार्रवाई करने का आरोप लगाया और जमकर नारेबाजी की। जिलाध्यक्ष दीवान ने कहा कि ईडी का रवैया भाजपा के अनुसांगिक संगठन की तरह हो गया है। जो कांग्रेस नेताओं को टारगेट कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय जांच एजेंसियों को निष्पक्षता से काम करना चाहिए लेकिन वे भाजपा के इशारे पर काम कर रही हैं और केवल कांग्रेस नेताओं को परेशान किया जा रहा है।

- केंद्र सरकार और ईडी पर भेदभावपूर्ण कार्रवाई करने का आरोप

**नारेबाजी के साथ निकला कांग्रेसियों का जुलूस** – कांग्रेस भवन से नारेबाजी करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ता केंद्र सरकार मुर्दाबाद और ईडी मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए बस स्टैंड पहुंचे, जहां ईडी और केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध स्वरूप पुतला दहन किया गया। इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए।

#### इन नेताओं की रही उपस्थिति

इस विरोध प्रदर्शन में प्रदेश सचिव सकुर खान, महामंत्री गीतेश गांधी, शहर अध्यक्ष तरुण गोलछा, महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष व पार्षद हेमा देवांगन, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र देवांगन, इरशाद खान, नंदू दीवान, संजय करन, बाबा खान, शिवलाल मंडावी, अनुराग पटेल, देवेंद्र कोर्राम, योगेंद्र पोयाम, राजेंद्र देवांगन, गन्नू पोयाम, सन्नी आनंद, कामदेव कोर्राम, कार्तिक पोयाम, गुणमती नायक, लेखनी प्रधान, अंजू जोशी, नीलू देवांगन, प्रीति भदौरिया, सहदेव पोयाम, रविंद्र दीवान, मंशा बघेल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि अगर ईडी की कार्रवाई इसी तरह जारी रही तो आने वाले दिनों में और भी बड़े आंदोलन किए जाएंगे।

---

## नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए न्यायाधीश व अधिवक्ताओं की बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

जिला न्याय सदन, कोण्डागांव में आगामी नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता माननीय उत्तरा कुमार कश्यप, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कोण्डागांव ने की। इस दौरान लोक अदालत के महत्व, विवादों के समाधान में इसकी भूमिका और त्वरित न्याय प्रक्रिया पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान जिला न्यायाधीश कश्यप ने बताया कि लोक अदालत के माध्यम से लंबित मामलों का त्वरित और प्रभावी समाधान किया जा सकता है। उन्होंने अधिवक्ताओं से अपील की कि वे अधिक से अधिक मामलों को लोक अदालत में प्रस्तुत करने के लिए पहल करें, जिससे लोगों को त्वरित और सुलभ न्याय प्राप्त हो सके। उन्होंने विशेष रूप से पारिवारिक विवाद, मोटर दुर्घटना दावा, धारा 138 चेक बाउंस सहित विभिन्न मामलों को आपसी सहमति और राजीनामे के आधार पर निपटाने पर जोर दिया।

- लोक अदालत के महत्व, विवादों के समाधान में इसकी भूमिका और त्वरित न्याय प्रक्रिया पर हुई विस्तृत चर्चा

**बैठक में न्यायाधीशगण और अधिवक्ता रहे उपस्थिति** – इस अवसर पर कमलेश कुमार जुर्री जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, एफटीएससी पाक्सो, विक्रम प्रताप चन्द्रा जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, श्रीमती यशोदा नाग जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, एफटीसी, श्रीमती मनीषा ठाकुर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, शिव प्रकाश त्रिपाठी न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सहित कई वरिष्ठ न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहे। इसके अलावा, कु. गायत्री साय सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कोण्डागांव, दीपक ठाकुर अध्यक्ष, जिला अधिवक्ता संघ सहित जिले के अनेक अधिवक्तागण बैठक में शामिल हुए।

बैठक के दौरान न्यायाधीशों ने अधिवक्ताओं से आग्रह किया कि वे अपने मामलों को समय पूर्व तैयार कर लोक अदालत में प्रस्तुत करें जिससे अधिक से अधिक मामलों का निराकरण किया जा सके। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने के लिए सभी अधिवक्तागण अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करेंगे।

**लोक अदालत का उद्देश्य और लाभ** – लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य जनसाधारण को सुलभ, त्वरित और कम खर्चीला न्याय प्रदान करना है। इसमें विवादों को आपसी सहमति से बिना लंबी कानूनी प्रक्रिया के सुलझाने का अवसर मिलता है। लोक अदालतों में निपटाए गए मामलों के फैसले अंतिम और बाध्यकारी होते हैं। जिनके विरुद्ध कोई अपील नहीं की जा सकती, जिससे अनावश्यक मुकदमेबाजी से बचा जा सकता है। अधिवक्ताओं और न्यायिक अधिकारियों ने संकल्प लिया कि आगामी नेशनल लोक अदालत में अधिकतम मामलों का निराकरण किया जाएगा, ताकि न्याय प्रक्रिया को प्रभावी बनाया जा सके और आम नागरिकों को शीघ्र न्याय मिले।

---



### 24 को होगा फरसगांव का वार्षिक मेला, बैठक कर लिया गया निर्णय

**फरसगांव।** नगर के शीतला मंदिर में शनिवार को शीतला समिति और नगर के वरिष्ठजनों और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में होलिका दहन और वार्षिक मेला के संबंध में बैठक कर चर्चा की गई। बैठक में सभी की उपस्थित में हर वर्ष की तरह मंदिर परिसर में होने वाले होलिका दहन आयोजन के संबंध में चर्चा की गई, साथ ही फरसगांव के वार्षिक मेला के संबंध में भी चर्चा हुई। सभी के सहमति से इस वर्ष 24 मार्च को वार्षिक मेला का आयोजन करने पर सहमति बनी है।

वार्षिक मेले के दिन स्थानीय अवकाश की करेंगे मांग

वहीं समिति के लोगों ने फरसगांव अनुभाग हेतु दिए गए स्थानीय अवकाश को संशोधित करते हुए मेले के दिन 24 मार्च को फरसगांव क्षेत्र में स्थानीय अवकाश देने हेतु कलेक्टर को मांगपत्र देने पर भी चर्चा की गई। बैठक के दौरान गायता, पुजारी, शीतला समिति सहित नगर के वरिष्ठजन और जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

---

## सीजी बोर्ड परीक्षा 2025: 12वीं के विद्यार्थियों ने दिया पहला पर्चा, हिन्दी का सरल पर्चा देख विद्यार्थी खुश

**फरसगांव।** छतीसगढ़ में 1 मार्च से 12वीं की बोर्ड परीक्षा की शुरुवात हिंदी विषय से शुरू हुई है, फरसगांव विकासखंड में बारहवीं बोर्ड की परीक्षा के लिए विकासखंड में 11 परीक्षा केंद्र बनाये गए हैं, जिसमे पहले दिन तकरीबन 940 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। वहीं परीक्षा हॉल में पेपर के हाथ में आते ही छात्रों के चेहरे खिल उठे। परीक्षा देकर मुस्कुराते हुए छात्र परीक्षा हाल से बाहर निकलते दिखाई दिए।

- हिंदी पेपर से 12वीं के बोर्ड परीक्षा की हुई शुरूआत
- क्षेत्र के 11 केंद्रों में 940 बच्चों ने दिया परीक्षा



विद्यार्थियों ने बताया कि परीक्षा हाल में पेपर देखने के बाद टेंशन दूर हो गया, हिंदी का पेपर सरलता से और अच्छे से निपट गया। अब आगे के सारे पेपर आसानी से हो जायेंगे, थोड़ी बहुत दिक्कत साईंस विषय को लेकर है जिसकी तैयारी कर अच्छे से कर लेंगे।

**एबीईओ ने दी जानकारी** - फरसगांव सहायक खंड शिक्षा अधिकारी हंस राज सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया कि 12वीं की परीक्षा के विद्यार्थियों के लिए 11 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिसमे 973 बच्चों को परीक्षा में बैठने हेतु पंजीकृत है, वहीं 10वीं की परीक्षा 03 मार्च से शुरू हो रही है 10वीं के विद्यार्थियों के लिए कुल 16 परीक्षा केंद्र बनाया गया है जिसमे 1628 बच्चे परीक्षा देंगे।

---

### कक्षा ग्यारहवीं की पाँच टीमों ने उत्साहपूर्वक लिया भाग

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की क्विज स्पर्धा पर दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर बड़े बेन्दरी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विज्ञान पर आधारित एक भव्य क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विद्यालय के प्राचार्य शिवकुमार तिवारी के निर्देशन में आयोजित किया गया। जिसमें क्विज मास्टर अंकित गुप्ता ने डिजिटल उपकरणों का उपयोग करते हुए प्रतियोगिता को रोचक और ज्ञानवर्धक बनाया। इस विज्ञान क्विज में कक्षा ग्यारहवीं की पाँच टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान स्कोरर की भूमिका नरेंद्र लोन्हारे एवं सरिता मांझी ने निभाई। सभी प्रतिभागियों ने विज्ञान संबंधी प्रश्नों का

- विद्यालय के प्राचार्य के निर्देशन में आयोजित हुई प्रतियोगिता




उत्तर देकर अपनी ज्ञान क्षमता का प्रदर्शन किया। कठिन प्रतिस्पर्धा के बीच डमरू बघेल और उनकी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया।

**कार्यक्रम की सफलता में शिक्षकों एवं स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका** – इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के कई शिक्षकों और कर्मचारियों ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। नरेंद्र कुमार लोन्हारे, सरिता मांझी, तिलकराम मंडावी, कुंती नेताम, निर्मल सिन्हा, राजकुमार तिग्गा, खोगेंद्र प्रकाश नाग, उत्तरा साहू, अली बख्श शेख, कल्पना पैकरा, वंदना भोय, अमर मरकाम, भुवनेश्वर सूर्यवंशी, दीपक ध्रुव एवं अमजद पोयम ने प्रतियोगिता के आयोजन में विशेष भूमिका निभाई।

#### राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का महत्व

यह आयोजन विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को विकसित करने और उन्हें विज्ञान के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से किया गया। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस भारत में हर वर्ष 28 फरवरी को महान वैज्ञानिक सी. वी. रमन द्वारा खोजे गए रमन प्रभाव की स्मृति में मनाया जाता है। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य शिवकुमार तिवारी ने विद्यार्थियों को विज्ञान और नवाचार के महत्व के बारे में बताया और उन्हें प्रेरित किया कि वे वैज्ञानिक सोच को अपनाकर राष्ट्र की प्रगति में योगदान दें। इस आयोजन ने छात्रें को विज्ञान के प्रति जागरूक किया और उनके ज्ञान को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक, कान, गला विभाग
• सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
• ऑपरेशन द्वारा ईलाज
• नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
• टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
• दांतो की नसों का इलाज
• दांतों की सफाई व चमकाना
• दंत प्रत्यारोपण
• मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

श्री अनंत हॉस्पिटल
बांधा तालाब के सामने, बांधापारा, कोण्डागांव
07786450046, 9111551414
नेत्र रोग
• आधुनिक कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जांच • बिना इंजेक्शन, बिना टांके, आधुनिक मोतियाबिंद शल्यक्रिया • लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा • चश्मा • नासूर की शल्यक्रिया
नाक, कान, गला विभाग
• सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
• ऑपरेशन द्वारा ईलाज
• नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
• टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
• दांतो की नसों का इलाज
• दांतों की सफाई व चमकाना
• दंत प्रत्यारोपण
• मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

कोण्डागांव सुपर मार्केट विज्ञापन के लिए संपर्क करें- 94791-66051

शौकीन हाउस, मेन रोड कोण्डागांव मो.- 9977719190, 7000708887
(इलेक्ट्रॉनिक्स एवं फर्नीचर्स)
BLUE STAR Whirlpool SAMSUNG SONY Symphony

शौकीन इण्डिया
मो.- 94242 96333, 7000708887
हमारे यहाँ सभी कम्पनियों के लेपटॉप, कम्प्यूटर, सीसीटीवी कैमरा, DSLR कैमरा एवं अन्य समान उपलब्ध है।

ACE COMBINE HARVESTER
विशेषताएं
◆ कृषि विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त
◆ 100 प्रतिशत स्वदेशी (भारत में बना हुआ)
◆ लो मेंटेनेंस : कम लागत में ज्यादा काम
धान, मक्का, सोयाबीन, गेंहू, मूंग आदि की कटाई-मिंजाई के लिए।
100% Swadeshi
अग्रिम बुकिंग प्रारंभ
अधिकृत विक्रेता -
मे. सांई ट्रेक्टर्स सेल्स स्पेयर्स सर्विस
महालक्ष्मी एन्क्लेव के सामने, सिहावा रोड, धमतरी (छ.ग.)
मो. : 7000292192, 9425209243, 9424209243
शाखा : धमतरी रोड, नगरी, जिला-धमतरी
ब्रांच ऑफिस : जामकोट पारा, मेन रोड, कोण्डागांव

## खबर संक्षेप

### रोजें और घोटपाल जंगल के बीच प्रेमी जोड़े ने लगाई फांसी

**गीदम।** गीदम थाना क्षेत्र के रोजें और घोटपाल जंगल के बीच प्रेमी जोड़े ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। यह मामला प्रेम प्रसंग का बताया जा रहा है। गीदम थाना प्रभारी विजय पटेल ने बताया कि पिछले 6 दिनों से दोनों घर से फरार थे और दोनों की पतासाजी की जा रही थी लेकिन शनिवार को दोनों का शव रोजें और घोटपाल के जंगल के बीच एक पेड़ से लटका पाया गया। लड़का गीदम थाना क्षेत्र के कासोली ग्राम पंचायत का निवासी था वही लड़की रोजे पंचायत की रहने वाली थी।

### पीठासीन व सहायक पीठासीन अधिकारी नियुक्त

**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा ने जिला पंचायत के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के निर्वाचन के लिए जागेश्वर कौशल संयुक्त कलेक्टर को पीठासीन अधिकारी एवं हिमांशु साहू उप संचालक पंचायत को सहायक पीठसीन अधिकारी नियुक्त किया जाता है। जिला पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के निर्वाचन 5 मार्च जिला पंचायत के सभाकक्ष में 10 बजे से किया जायेगा। पीठासीन अधिकारी ही प्रथम सम्मिलन के लिए पर्यवेक्षक होंगे।

# आस्था निकुंज एवं शिवानंद आश्रम में बच्चों को बांटे गए फल और मिठाइयां

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



आदिम जाति कल्याण मंत्री रामविचार नेताम का जन्मदिन बस्तर भाजपा के पार्षद,कार्यकर्ता व उनके समर्थकों ने धरमपुरा स्थित आस्था आस्था निकुंज एवं शिवानंद आश्रम मे स्वामी और छोटे-छोटे बच्चों के वैदिक मंत्रोच्चार और प्रार्थना के साथ मनाया गया। जन्मदिन पर शिवानंद आश्रम के छोटे-छोटे बच्चों भजन से पूरा वातावरण धार्मिक होकर अविस्मरणीय बन गया। शिवानंद आश्रम के बच्चों ने मंत्री के जन्मदिन पर भजन कीर्तन एवं केक व मिठाई वितरण कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। साथ ही धरमपूरा स्थित आस्था निकुंज मे बुजुर्ग माताओ के साथ मंत्री का जन्मदिन मनाया गया। जहां बुजुर्ग माताओ को साड़ी भेंट स्वरूप प्रदान कर उनका आशीर्वाद लिया एवं मिठाई खिलाकर व केक काटकर जन्मदिन मनाया गया।

शिवानंद आश्रम के बच्चों ने कहा आश्रम छात्रावासों पर मंत्री का विशेष ध्यान रहता है। उन्होंने भोजन की गुणवत्ता, शिक्षा की गुणवत्ता, खेल व संस्कृति को बढ़ावा देने का काम किया है। कमजोर वर्ग के जरूरतमंद बच्चों के लिए मंत्री ने सराहनीय कदम उठाया है। रामविचार नेताम के जन्मदिन के साथ-साथ शिवानंद आश्रम के स्वामी का जन्मदिन भी कार्यकर्ताओं ने मनाया। इस दौरान राजेंद्र बाजपेई,दिगंबर राव, संग्राम सिंह राणा, बबलू दुबे, सुरेश कश्यप, राकेश झा,दीपक ठाकुर, दर्शन सहित कार्यकर्ता जन उपस्थित थे।

## कर्मचारी संघ का स्थापना दिवस मना




**जगदलपुर।** जिला बस्तर की टीम द्वारा स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ के 11 वां स्थापना दिवस पर वृद्धा आश्रम में शुक्रवार को भोजन, स्वल्पाहार वितरण की गई एवं केक काटकर मनाया। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष टारजन गुप्ता, संभाग अध्यक्ष सौरभ गौड़, जिला महिला प्रकोस्ट अध्यक्ष आसादान, सचिव शिव भंडारी, कार्यकारी जिला अध्यक्ष नरेश मरकाम, मीडिया प्रभारी दिनेश पराते, सहसचिव अनीता कस्यप, कोषाध्यक्ष गणेश माली शामिल रहे।

# मुक्ति मोर्चा बनेगा बस्तर की बुलन्द आवाज, स्थापना के 5 साल पूर्ण




हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

स्थानीय जनता दरबार में 28 फरवरी को अपनी स्थापना के 5 वर्ष पूरा करने को लेकर हर्षोउल्लास से बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा की पांचवी वर्षगांठ मनाई गई। मुक्ति मोर्चा के प्रमुख संयोजक नवनीत चांद की गरिमामयी उपस्थिती में आयोजित स्थापना दिवस के अवसर पर बस्तर के सभी जिलों के कोने-कोने से पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

- बस्तर की समस्याओं को लेकर मुक्ति मोर्चा हर मौके पर आगे

नवनीत ने कहा कि पांच वर्षों में जनता से मिल रहे सहयोग एवं प्रेम से हमने जनता और बस्तर के समस्याओं से लड़ने सीखा। उन्होंने कहा कि मोर्चा ने संभाग के सभी जिलों के साथ गांव-गांव एवं कस्बों में जाकर जन चौपाल लगाया ,बस्तर के आखिरी छोर तक बस्तरवासियों से मुलाकात की और उनके समस्याओं के साथ बस्तर के लगभग हर मुद्दों पर अपनी आवाज बुलंद किया। केवल यही नहीं अपने दायित्व को लेकर मोर्चा ने राजनीतिक विकल्प की तैयारी को लेकर चुनावी समर में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज किया चाहे वह विधानसभा हो या फिर नगरीय चुनाव, पंचायत चुनाव हम आगे बढ़ते रहे लोग जुड़ते रहे। इस अवसर पर बस्तर संभाग के सभी जिलों के पदाधिकारी एवं नगर मंडल जगदलपुर के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# चांद दिखा, पहला रोजा आज



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

रमजान के पवित्र महीने की शुरूआत हो गई है। जामा मस्जिद के मौलाना इस्लाम बख्स साहब ने बताया कि पूरे हिन्दुस्तान में आज तीसा का चांद दिखा। आज से ही तरावीह की नमाज सभी मस्जिदों में शुरू हो गई है और कल से रोजा शुरू होगा। उन्होंने बताया कि जामा मस्जिद के अलावा शहर के अन्य मस्जिदों सदर मस्जिद, गौसिया मस्जिद, जिक्रुनवी मस्जिद, रेलवे कालोनी के अलावा अन्य मस्जिदों में भी रमजान के मौके पर नमाज होगी। मुस्लिम भाई एक महीने तक रमजान महीने में रोजा रखकर अल्लाह की इबादत करते हैं।

## बोर्ड परीक्षा में 35 गैरहाजिर नकल का एक भी प्रकरण नहीं

**जगदलपुर।** हायर सेकेण्ड्री की बोर्ड परीक्षा एक मार्च से शुरू हो गई। बस्तर जिले के 105 परीक्षा केन्द्र में 12वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं ने पहले दिन हिन्दी विषय की परीक्षा दी। जिला शिक्षा अधिकारी बलीराम बघेल ने बताया कि कुल 6531 विद्यार्थियों में 6496 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। जिनमें 35 गैरहाजिर थे और नकल का कोई भी प्रकरण नहीं बना है। सोमवार 3 मार्च को हाई स्कूल की परीक्षा शुरू होगी।

# तितली गार्डन में पेड़ की टहनी काट रहे मजदूर की हाईटेंशन तार की चपेट में आने से मौत

हरिभमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



परपा थाना क्षेत्र स्थिति तीतली गार्डन में शुक्रवार देर शाम पेड़ की टहनी काट रहा ओडिशा के मजदूर की हाईटेंशन तार की चपेट में आने से झुलसने से मौत हो गई। साथी मजदूरों की सूचना पर मौके पर पहुंची परपा पुलिस पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पीएम के लिए मेकाज रवाना किया। मामले की जांच कर रहे एसआई प्रेम पानिग्राही ने बताया कि गीदम रोड स्थित अधिवक्ता हनुमंत राव के तितली गार्डन में पेड़ों की छटाई का काम ओडिशा के ठेकेदार द्वारा कराया जा रहा था। जिसके लिए ठेकेदार रंजीत ओडिशा के कोसागुमड़ा थाना क्षेत्र के गुमड़ीगुड़ा से मजदूर लक्ष्मीकांत चलन 26 वर्ष व अन्य को लेकर आया हुआ था। शुक्रवार शाम पेड़ों के छटाई के दौरान लक्ष्मीकांत पेड़ के उपर से गए हाईटेंशन तार की चपेट में आकर झुलस गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। साथी मजदूरों ने इसकी सूचना परपा पुलिस को दी जिसके बाद मौके पर पहुंची एसआई प्रेम पानिग्राही व टीम ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पीएम के लिए मेकाज रवाना किया। शनिवार को मृतक के परिजनों को सूचना दी गई जिनके आने के बाद शव पीएम कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

### ठेकेदार की तलाश

घटना के बाद परपा पुलिस द्वारा ठेकेदार रंजीत की तलाश कर रही है। पुलिस द्वारा रंजीत से मोबाईल पर सम्पर्क किया गया लेकिन वह फरार बताया जा रहा है। हादसे में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदार की तलाश के लिए पुलिस प्रयास कर रही है। बहरहाल मामले में पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है। ठेकेदार के मिलने पर लापरवाही की जांच कर पृथक से अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर कार्रवाई करने की बात की जा रही है।

## सर्वाधिक मतों से जीतकर सरपंच बने भरत




**जगदलपुर।** भरत कश्यप लोहण्डीगुड़ा विकासखंड के सर्वाधिक 504 मतों से जीत हासिल कर ग्राम पंचायत गढ़िया से सरपंच बने। उन्होंने जीत के बाद विधिवत प्रमाण पत्र हासिल किया। इस अवसर पर उन्होंने गढ़िया के समस्त लोगों का आभार जताते हुए कहा कि मेरे लिए यह जीत सभी मतदाताओं के प्रेम और आशीर्वाद की जीत है। मैं हमेशा गांव के विकास और समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर रहूंगा एक आदर्श ग्राम पंचायत के रूप में गढ़िया जाना जाएगा।

# बकावंड जनपद में भाजपाई अध्यक्ष बनाने कवायद तेज



हरिभूमि न्यूज ⏭ बकावंड

जनपद पंचायत बकावंड में भाजपा ने अध्यक्ष बनाने कोशिशें तेज कर दी है। इसी कड़ी में आज एक नई जनपद सदस्य को भाजपा की सदस्यता दिलाई गई। सरगीपाल मंडल अंतर्गत तारापुर क्षेत्र से चुनी गई जनपद सदस्य सुभरना नेताम और उनके पति कमलसिंग नेताम ने बीजेपी सदस्यता ली। जनपद सदस्य सुभरना नेताम और कमल सिंग नेताम ने सांसद महेश कश्यप, चित्रकोट विधायक विनायक गोयल, नव निर्वाचित जिला पंचायत सदस्य बनवासी मौर्य, भाजपा नेता जितेंद्र पाणिग्रही एवं हरि साहू के समक्ष भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान बड़ी संख्या में बीजेपी के कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे। इस दौरान बड़ी बात देखने को यह मिली कि बगावत कर जिला पंचायत सदस्य चुने गए बनवासी मौर्य और जिला पंचायत सदस्य सारिता पाणिग्रही के पति जितेंद्र पानीग्रही की मौजूदगी रही। कहा जाता है कि ये दोनों नेता आज भी समर्पण भाव से भारतीय जनता पार्टी के लिए काम कर रहे हैं और बकावंड जनपद पंचायत में भाजपा का परचम फहराने की कोशिशों में वे लगे हुए हैं।



## खबर संक्षेप

### सिरहा, गुनिया व बैगा का प्रशिक्षण प्राप्त करने हरिद्वार रवाना




**दंतेवाड़ा।** जिला के सिरहा गुनिया बैगाओं को 8 दिवसीय आयुर्वेदिक प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु आज हरिद्वार रवाना किया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यकारी जिला पंचायत दंतेवाड़ा द्वारा शुभकामनाएं देते हुए हरी झंडी दिखाकर बस से प्रस्थान करवाया गया।

### जिले के लिए स्थानीय अवकाश घोषित

**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिस एस द्वारा सामान्य पुस्तक परिपत्र भाग-दो एवं सामान्य प्रशासन विभाग के अधिसूचना के द्वारा प्रदत्त शक्तियों के तहत बस्तर जिले के लिए कैलेण्डर वर्ष 2025 हेतु स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। जिसके तहत 27 अगस्त बुधवार को गणेश चतुर्थी, 3 अक्टूबर शुक्रवार को दशहरा बाहर रैनी एवं 21 नवम्बर मंगलवार को दीपावली का दूसरा दिन गोवर्धन पूजा के अवसर पर सम्पूर्ण जिले में स्थानीय अवकाश रहेगा। उक्त तिथियों में कोषालय एवं उप कोषालय यथावत खुले रहेंगे।

## सीआरपीएफ ने कोंडापल्ली में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर की आयोजित

# बटालियन ने दिए ग्रामीणों को दैनिक उपयोगी सामान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

170 बटालियन केरिपुबल के द्वारा जिला बीजापुर के अति माओवाद प्रभावित क्षेत्र कोंडापल्ली गांव में 28 फरवरी को नागरिक अभियान कार्यक्रम एवं निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। नागरिक अभियान कार्यक्रम में गांव कोंडापल्ली के अंतर्गत 300 से अधिक अदिवासी युवाओं, युवतियों, पुरुषों, महिलाओं व बच्चों ने लाभ उठाया।

■ नया कैम्प लगने से क्षेत्र का हो रहा विकास

इस कार्यक्रम में राकेश अग्रवाल पुलिस महानिरीक्षक छत्तीसगढ सेक्टर केरिपुबल के द्वारा ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं, बच्चों की शिक्षा, रोजगार एवं स्वास्थ्य के बारें में जागरुक किया तथा सरकार के द्वारा बनाये गये नियमों का पालन करने हेतु आग्रह किया। उक्त कार्यक्रम स्थल पर जितेंन्द्र कुमार यादव पुलिस अधीक्षक जिला बीजापुर भी उपस्थित थे। नागरिक अभियान कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण इलाकों के लोगों की आवश्यकताओं को मद्देनजर रखते हुए महिलाओं को साड़ी, बर्तन, कम्बल, चप्पल बच्चों को किताब कॉपी, पेन, पेन्सील, जियोमैट्रीक बॉक्स, शॉपनर, खेल सामग्री जैसे क्रिकेट किट, वॉलीबॉल किट, फुटबॉल तथा पुरुषों को तौलियों, चप्पल, सायकिल, टीव्ही, वॉटर टैंक, सोलर लालटेन, फावडा, गैती आदि सामानों का वितरण किया गया। 170 बटालियन के चिकित्सा अधिकारी डॉ. पी.इन्द्रा, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी व डॉ. एम. विष्णु वर्धन, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी द्वारा बच्चे, बुजुर्गों महिलाओं और पुरुषों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और निशुल्क दवाईयाँ भी दी गई। उक्त कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित ग्रामीणों के लिए 170 बटालियन द्वारा संतुलित भोजन की व्यवस्था की गई थी।



इस कार्यक्रम को सफल बनाने में बीई मुख्या. तथा अस्पताल स्टॉफ के कार्मिकों ने अपना बहुमुल्य योगदान दिया। ग्रामीणों द्वारा बताया की केरिपुबल का इस क्षेत्र में नया कैम्प लगने से हमारे क्षेत्र का विकास हो रहा है। सरकार द्वारा दी जाने वाली सभी योजनाओं का लाभ हमे प्राप्त हो रहा है और हम अपने आप को सुरक्षित महसूस कर रहे है। केरिपुबल हमारे गाँव तथा आसपास के इलाकों में स्थित गांवों को विकसित बनाने के लिए मुख्य भुमिका निभा रही है।

अन्त में सरकार राजा रमन कमाडेन्ट 170 बटालियन, केरिपुबल द्वारा नागरिक अभियान कार्यक्रम में भाग लेने वाले कार्मिक एवं ग्रामीणों का अभिवादन किया तथा उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर एनके सिंह पुलिस उप महानिरीक्षक छत्तीसगढ़ सेक्टर एवं देवेंद्र सिंह नेगी पुलिस उप महानिरीक्षक बीजापुर रेंज केरिपुबल के मार्गदर्शन में सरकार राजा रमन, कमाडेन्ट, 170 बटालियन, केरिपुबल, संजीव कुमार सिंह द्वितीय कमान अधिकारी परिचालन, प्रेम चन्द यादव सहायक कमाण्डेन्ट, पृथ्वीराज गोरख शिंदे सहायक कमाण्डेन्ट मौजूद रहे।

## दसवीं के भैया बहनों ने विद्यालय जीवन के अनुभव को छोटे भैया बहनों के साथ बांटा



हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम में कक्षा दसवीं का दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के पूर्व छात्र कुमारी सीमा गुप्ता, सूरज सिंह, हरमिंदर सिंह उपस्थित रहे। अतिथियों ने कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती, ओंम व भारत माता के छायाचित्र की पूजा अर्चना व दीप प्रज्वलन के साथ किया। कक्षा नवम के भैया बहनो अतिथियों का स्वागत तिलक वंदन पुष्प गुच्छ श्रीफल द्वारा किया। अपने उद्बोधन में अतिथि पूर्व छात्रों ने अपनी पुरानी यादों को भैया बहनों के सामने रखा। उन्होंने भैया बहनों से कहा कि शिशु मंदिर संस्कारधानी के रूप में जाना जाता है यहां जो हमें संस्कार अनुशासन और शिक्षा मिली है उसे हम जीवन भर याद रखेंगे। शिशु मंदिर से मिला संस्कार हर जगह हमें नेतृत्व करने में काम करने में आता है हमें कहीं पर भी कठिनाई नहीं होती। हम सदैव अपनी संस्था से जुड़े रहेंगे और विद्यालय के गौरव को बढ़ाते रहेंगे। इसके पश्चात कक्षा दसवीं के भैया बहनों ने अपने 12 वर्षों का अनुभव छोटे भैया बहनों के साथ साझा किया और भैया बहनों ने विद्यालय में मिले संस्कार और अनुशासन को जीवन भर आत्मसात करने का संकल्प लिया। कक्षा नवम के भैया बहनों ने दसवीं के भैया बहनों का तिलक वंदन किया। विद्यालय की ओर से सभी भैया बहनों को प्रतीक चिन्ह के रूप में भेट दी गई। आचार्य दीदियों ने भी दसवीं के भैया बहनों को आशीर्वाद देकर कहा कि आप सब सदैव आगे बढ़ते रहे व हमेशा संस्कार व अनुशासन का ध्यान रखें।

■ सरस्वती शिशु मंदिर में दसवीं के भैया बहनों का हुआ दीक्षांत

## जन शिविर लगाकर गढ़मिरी में ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान



हरिभूमि न्यूज ⏭ नकुलनार

कुआकोंडा ब्लाक के ग्राम पंचायत गढ़मिरी चौक में जन शिविर लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया गया।

शिविर में सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को दिलाने के लिये जिला प्रशासन के समस्त विभाग मौजूद थे। शिविर में राजस्व, जमीन बटवारा, किसान पंजीयन, पीएम सम्मान निधी, श्रम पंजीयन, आयुष्मान कार्ड, किसान कार्ड, आधार कार्ड, राशनकार्ड जैसी समस्याओं का समाधान करने विभाग पहुंचा। यह शिविर रोड्डापैदा में लगाया गया था। जहां गढ़मिरी ग्राम पंचायत के 9 पारा के ग्रामीण पहुंचे थे। शिविर में मौजूद भाजपा नेता सोमडु कोर्राम ने बताया कि यह शिविर ग्रामीणों को लाभ पहुंचाने के लिये लगाया गया है। ताकि सरकार की योजना हर व्यक्ति तक पहुंचे। भाजपा मंडल अध्यक्ष भीमा कवासी ने कहा लगातार सरकार अंतिम व्यक्ति तक लाभकारी योजना पहुंचाना चाहती है, यही लक्ष्य लेकर यह शिविर आयोजित हुआ है। शिविर में नवनिर्वाचित सरपंच पवन कोर्राम, जनपद सदस्य मनीषा कोर्राम, धुर्वा कोहरामी, बुधराम कवासी और ग्राम के कई वरिष्ठ मौजूद रहे।

# प्रदेश अध्यक्ष की जासूसी करना शर्मनाक: गणेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

युवा कांग्रेस दंतेवाड़ा के द्वारा छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज पर भाजपा सरकार के द्वारा सत्ता का दुरुपयोग कर पुलिस प्रशासन द्वारा की गई जासूसी उनके घर की रेकी व ईडी का दुरुपयोग कर कांग्रेस पदाधिकारियो को परेशान करने के विरोध में आज कांग्रेस भवन के समक्ष केंद्र की भाजपा सरकार व ईडी का पुतला दहन किया।

■ जिला कांग्रेस व युवा कांग्रेस ने किया भाजपा सरकार एवं ईडी का पुतला दहन

युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष गणेश ने कहा कि कहा कि ईडी द्वारा भेजे गये समन के आधार पर जानकारी देने गये कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू को जबरिया ईडी ऑफिस में घंटों बैठाया जाना बेहद ही आपत्तिजनक है। ईडी ने कांग्रेस से उसके जिला कार्यालय के निर्माण के संबंध में जानकारी मांगी थी। प्रभारी महामंत्री ईडी के द्वारा चाही गयी जानकारी को देने ईडी ऑफिस गये थे। जानकारी प्राप्त करने के तुरंत बाद ईडी को उनको वापस आने देना चाहिए था। ईडी को कुछ अतिरिक्त जानकारी चाहिये थी तो उसको वह लिखित में मांग सकती थी, किंतु घंटों बिठाकर परेशान करना ये ईडी का कार्य हो चुका है कांग्रेस अपने कार्यालयों के निर्माण के एक-एक रू. का हिसाब देगी।जिसका पूरा पेमेंट पीसीसी ने चेक से किया है। एक-एक खर्च का ऑडिट हुआ है परंतु ईडी ने भाजपा के इशारे पर कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी को अनावश्यक घंटों बैठाये रखा था। ईडी भाजपा के अनुषांगिक संगठन की भांति काम कर रही है जो सर्वथा अस्वीकार्य है।



गणेश दुर्गा ने कहा, वही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज की जासूसी करवा रही है जो कि बेहद शर्मनाक है।दंतेवाड़ा से सीजी 18 सीरिज की गाडी आती है। रात बारह बजे से लेकर कल दिनभर और फिर कल रात बारह बजे तक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के निवास में जासूसी करती है। वहां टीआई रैंक के अधिकारी, एक सब इंस्पेक्टर और सिपाही आते है, चौबिस घंटा जासूसी करते है आखिर क्यों? ऐसी क्या आवश्यकता पड़ी कि प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष के निवास में घर के गेट के लेफ्ट और राइट दोनों साइड खड़े होकर जासूसी कर रहे हैं और क्यों कर रहे है? सांय सरकार हर मामले पर फेल साबित हो चुकी है साथ ही पुलिस प्रशासन भी निष्पक्ष कार्य करना छोड़ भाजपा के इशारे पर नाच रही है। ईडी को राजनैतिक दल के कार्यक्रमों के खर्चों एवं पार्टी दफ्तर के निर्माण का ब्यौरा जानने का इतना ही शौक है तो सिर्फ कांग्रेस का ही क्यों वह भाजपा के भी खर्चों की पड़ताल करे। ईडी में साहस है तो वह भाजपा के 150 करोड़ की लागत से बने भाजपा कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे को बनाने का रुपया कहां से आया इसकी जांच करे। कुशाभाऊ ठाकरे परिसर फाईव स्टार होटल की तर्ज पर बनाया गया है। रायपुर में ही भाजपा के कार्यालय एकात्म परिसर की जमीन राजनैतिक दल के कार्यालय के लिये भाजपा ने 1 रू. में हासिल किया था। एकात्म परिसर को व्यवसायिक काम्प्लेक्स में तब्दील कर दिया गया जहां से 1.5 करोड़ रूपया किराया भाजपा वसूलती है ईडी उसकी जांच करेगी भाजपा के पितृ संगठन जिसका पंजीयन तक नहीं है उस आरएसएस ने 500 करोड़ की लागत से दिल्ली में अपना दफ्तर बनाया है। इस रकम के स्त्रोत की ईडी जांच क्यों नहीं करती है? ईडी भाजपा के लिखे पटकथा पर अमल कर रही है। कांग्रेस कार्यालय की जांच हो सकती है तो भाजपा के कार्यालयों की जांच क्यों नहीं होना चाहिये। हमारा भवन हमारे कार्यकर्ताओं के सहयोग से एकत्रित किये धन से बनाया गया है हमारे पास पूरा हिसाब है। विरोध प्रदर्शन में उपस्थित जिला कांग्रेस कमेटी जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता ,महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष ग्रामीण तूलिका कर्मा जिला कांग्रेस कमेटी जिला महामंत्री सलीम रजा उस्मानी, मनीष भटाचार्य , सुमित्रा शोरी, पार्षद राधा नाग, इंद्रा ठाकुर, मनोज मालवीय, जिला महामंत्री अजय मरकाम, शहर ब्लॉक अध्यक्ष विवेक देवांगन, जिला उपाध्यक्ष उमेश कश्यप ,जिला महासचिव अविनाश सरकार, संदीप राठौर, गौरव गुप्ता, नगर अध्यक्ष गायेंद्र सिंह,उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव, उमेश राणा ,आयुष यादव, अरुण सोनानी, विवेक कर्मा, राजकुमार नाग, अंकुर वासुदेव, राहुल दास, निखिल टोपो, वसीम खान, अर्जुन ताती व अन्य कार्यकर्ता उपस्थिति थे।

# नियमित उपस्थिति के लिए प्रधान अध्यापिका ने चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोंड

बस्तर विकासखंड के ग्राम पंचायत भाटपाल के आश्रित ग्राम भूरसुंडी के माध्यमिक शाला में अध्ययनरत कुछ छात्र-छात्राओं की अनियमित उपस्थिति को देखते हुए विद्यालय की प्रधान अध्यापिका रश्मि नेताम ने एक विशेष पहल की। उन्होंने घर-घर जाकर अभिभावकों से मुलाकात की और बच्चों को अनिवार्य रूप से स्कूल भेजने का आग्रह किया। विद्यालय की प्रधान अध्यापिका ने बताया कि वार्षिक परीक्षाएं नजदीक हैं और यदि छात्र-छात्राएं अनियमित रहेंगे, तो इसका सीधा प्रभाव उनके परीक्षा परिणाम और शैक्षणिक प्रदर्शन पर पड़ेगा। इसी को ध्यान में रखते हुए उन्होंने व्यक्तिगत रूप से गांव के विभिन्न घरों में जाकर अभिभावकों को बच्चों की शिक्षा के प्रति जागरूक किया और उन्हें नियमित स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया।

■ परीक्षा से पहले बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करने पर जोर







इस अभियान के तहत प्रधान अध्यापिका ने कु. सामबती कक्षा 8वीं, राजू राम कक्षा 6वीं, कु. बबिता कक्षा 7वीं और सुरजीत कक्षा 7वीं के घर जाकर उनके माता-पिता से व्यक्तिगत रूप से संपर्क किया। इस दौरान उन्होंने अभिभावकों को नियमित उपस्थिति के महत्व और शिक्षा के दीर्घकालिक लाभों के बारे में समझाया।

### ग्रामवासियों और अभिभावकों का सहयोग

विद्यालय प्रशासन की इस पहल की ग्रामवासियों द्वारा भी सराहना की गई। कई अभिभावकों ने आश्वासन दिया कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजेंगे और उनकी शिक्षा में पूरी रुचि लेंगे। विद्यालय की इस सकारात्मक पहल से यह उम्मीद की जा रही है कि आने वाले दिनों में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में सुधार होगा और परीक्षा परिणाम भी बेहतर आएंगे।

### विद्यालय प्रशासन की अपील शिक्षा में लाएं निरंतरता

प्रधान अध्यापिका रश्मि नेताम ने अभिभावकों को आश्वस्त किया कि विद्यालय में बच्चों की पढ़ाई के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने आग्रह किया कि बच्चों की शिक्षा में रुचि लेकर, उन्हें प्रतिदिन स्कूल भेजें, जिससे वे बेहतर भविष्य की ओर बढ़ सकें।

## आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा से पीड़ित के दो परिजनों को 4-4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके अर्न्तगत सर्पदंश से मृत्यु के प्रकरण में मृतिका रानी कोरसा के निकटतम वारिस उनके पति आसू कोरसा निवासी ग्राम बड़े तुगांली तहसील भैरमगढ़ एवं तालाब में डूबने से मृत्यु के प्रकरण में मृतक राजेश कुमार टिंगे के निकटतम वारिस उनके पिता नागेश टिंगे निवासी ग्राम उसकालेड तहसील भोपालपटनम को 4-4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। राशि का भुगतान संबंधित हितग्राही के बैंक खाते में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से किए जाने के निर्देश संबंधित तहसीलदार को दिए गए हैं।

## समावेशी शिक्षा का 3 दिवसीय प्रशिक्षण हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर

राज्य परियोजना कार्यालय रायपुर के निर्देशानुसार कलेक्टर एस.हरीश व मुख्य कार्य पालन अधिकारी प्रतीक जैन समग्र शिक्षा के जिला मिशन समन्वयक अखिलेश मिश्र के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय समावेशी शिक्षा अंतर्गत तीन दिवसीय प्रशिक्षण ऑरिएंटेशन ऑफ प्रिन्सिपल, एजुकेशनल, एडमिनिस्ट्रेटर, अभिभावकगणों का प्रशिक्षण का आयोजन बीआरसी भवन जगदलपुर में आयोजन किया गया। जिसमें जिले के विकासखंडो के शालाओं के सहायक शिक्षक, प्रधान पाठकगण , अभिभावकगणों सहित कुल 190 प्रतिभागी शामिल हुए। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को प्रशिक्षण किट प्रदान किया गया। उक्त प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर द्वारा समावेशी शिक्षा की गतिविधियों से अवगत कराना, दिव्यांग छात्रों का चिन्हांकन, दिव्यांगता का प्रकार, दिव्यांग छात्रों से व्यवहार के तरीके, नई शिक्षा नीति में समावेशी शिक्षा की अवधारणा, निःशक्त अधिकार अधिनियम 2016, दिव्यांग जनों के जीवन को बेहतर बनाने की कवायद व जिला संसाधन केंद्र में प्रदाय की जाने वाली सेवाएँ के बारे में,शैक्षणिक प्रशासन व पालक की भूमिका और राज्य सरकार व केंद्रीय सरकार द्वारा दिव्यांग जनों के लिए शासकीय सुविधाएं के बारे में विशेषज्ञों द्वारा विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। मास्टर ट्रेनर के रूप में डॉ.श्याम पानागृही, डॉ.मति उर रहमान, राजेश त्यागी, चन्द्रशेखर नायडू, सुरेश गुप्ता, तेजमणि दास, वंदना जैन एवं रोहित जाधव, अनिता मिश्रा, सहायक अर्जुन कश्यप का सहयोग रहा।



## विज्ञान दिवस पर प्रश्नोत्तरी, भाषण, मॉडल बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज जगदलपुर

विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी विभाग न्यू दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ विज्ञान प्रौद्यौगिकी परिषद् रायपुर के द्वारा जिला स्तरीय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन पीएम श्री सेजस धरमपुरा विकासखंड जगदलपुर में 28 फरवरी किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के द्वारा 120 मॉडल बनाए गए।

मॉडल प्रदर्शन का अवलोकन 2000 बच्चों और शिक्षकों ने किया। इस अवसर मुख्य अतिथि के रूप में बीएनआर नायडू सेवा निवृत्ति व्याख्याता बहुउद्देशीय उत्तर माध्यमिक विद्यालय जगदलपुर रहे। जिला स्तरीय विज्ञान दिवस आयोजन में प्रश्नोत्तरी भाषण प्रतियोगिता मॉडल बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर बस्तर जिले के सातों विकासखंड से चयनित विद्यार्थी उपस्थित रहे। साथ ही विभिन्न संस्थाओं से आए व्याख्याता एवं शिक्षक कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्घाटन पीएम श्री सेजस धरमपुरा की प्राचार्य हेमलता त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर विभिन्न विकासखंडों से आए नोडल राजकुमार साहू, गौतम देवांगन, नागेश दास, तेजेश्वरी ठाकुर, ममता नेताम, मनीष अहीर, शाहिद जिलान, वाणी ,लोकेश, खगेंद्र,नीतू एवं सुशील साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम में समापन पर जिला शिक्षा अधिकारी बलिराम बघेल ने बच्चों को पुरस्कार वितरित किया और संबोधन कर उत्साहवर्धन किया। जिला समन्वयक सी कॉस्ट विज्ञान प्रभारी एसआर अली ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मच संचालन सुचित्रा सामंत ने किया।



### बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजनांतर्गत छात्रों को किया गया जागरूक

सुकमा। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह के अवसर पर 24 फरवरी से 8 मार्च तक विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के लिए शासन स्तर से दिशा-निर्देश दिए गये है। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन तथा जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी सुश्री बिस्मिता पाटले के मार्गदर्शन में बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजना अंतर्गत 27 फरवरी को कन्या छात्रावास सुकमा में, 28 फरवरी को कन्या पोटाकेबिन सुकमा में एवं 1 मार्च को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुकमा में जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित बालिकाओं एवं शिक्षकों को बाल विवाह, बाल यौन शोषण प्रोजेक्टर के माध्यम से शार्ट फिल्म खुशी दिखाई गई दत्तक ग्रहण एवं चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 आदि के विषय में जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर जिला बाल संरक्षण अधिकारी जितेन्द्र सिंह बघेल, महिला संरक्षण अधिकारी प्रमिला सिंह तथा अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

